# अब नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ेगा शिक्षा बोर्ड : डा. राजेश



स्कूल शिक्षा बोर्ड मे आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ● सौ. बोर्ड


**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के लिए मंगलवार का दिन दोहरी उपलब्धि लेकर आया। एक ओर शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं एवं परिणामों का सफल संचालन पूरा हुआ, वहीं बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने अपने कार्यकाल का एक वर्ष भी पूरा किया। इस उपलब्धि पर बोर्ड कार्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन कर जश्न मनाया। सामूहिक प्रयास से भविष्य में भी बोर्ड नई उपलब्धियां हासिल करेगा।

डा. राजेश शर्मा ने कहा कि उनके लिए यह गर्व का विषय है कि जिस संस्था से उन्होंने छात्र के रूप में शैक्षणिक यात्रा आरंभ की थी, आज उसी संस्था के अध्यक्ष के रूप में सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश सरकार व शिक्षा बोर्ड का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि टीम वर्क से सफलता मिली है और अब बोर्ड नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा संचालन, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन, परिणाम तैयार करने और प्रशासनिक व्यवस्था में अधिकारियों व कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया, जिसके कारण बोर्ड विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली स्थापित करने में सफल रहा।

# टीम वर्क से मिली सफलता, शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष ने कर्मचारियों को दिया श्रेय

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो- धर्मशाला**



डा. राजेश शर्मा

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के लिए मंगलवार का दिन दोहरी खुशी लेकर आया। एक ओर जहां शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं और परिणामों का सफलतापूर्वक एवं समयबद्ध संचालन पूरा हुआ, वहीं दूसरी ओर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने अपने पद पर एक वर्ष का कार्यकाल भी पूरा कर लिया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में मंगलवार को शिक्षा बोर्ड कार्यालय परिसर में एक सादे लेकिन गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया और अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा को बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि यह उनके लिए गौरव का विषय है कि जिस संस्था से उन्होंने कभी विद्यार्थी के रूप में अपनी शैक्षणिक यात्रा शुरू की थी, आज उसी संस्था की सेवा करने का अवसर उन्हें मिला है। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश सरकार और शिक्षा बोर्ड परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं और परिणामों का सफल संचालन किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे बोर्ड परिवार के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। डॉ. शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की मेहनत, निष्ठा और टीम भावना ही शिक्षा बोर्ड की सबसे बड़ी ताकत है।

दिव्य हिमाचल
Divya Himachal
Dharamsala+ Mera Kangra
+Aastha
Wed, 08 July 2026

Himachal Dastak 08-07-2026

# डॉ. राजेश शर्मा के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा



धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने अपने पद पर एक सफल वर्ष पूरा कर लिया। इस उपलक्ष्य में मंगलवार को शिक्षा बोर्ड कार्यालय परिसर में एक सादे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि ये उनके लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि जिस संस्था से उन्होंने कभी एक विद्यार्थी के रूप में अपनी शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत की थी, आज उसी प्रतिष्ठित संस्था की सेवा करने और उसके सर्वोच्च पद (अध्यक्ष) का दायित्व निभाने का अवसर उन्हें मिला है। उन्होंने इस अहम जिम्मेदारी और अटूट विश्वास के लिए प्रदेश सरकार तथा पूरे शिक्षा बोर्ड परिवार के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया।

Amar Ujala 08-07-2026

# परीक्षाओं के सफल संचालन पर जताई खुशी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरा कर लिया है। इस अवसर पर बोर्ड कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन और समयबद्ध परिणाम घोषित होने पर भी खुशी जताई गई। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं का पारदर्शी संचालन, मूल्यांकन और समय पर परिणाम जारी करना पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। कर्मचारियों की निष्ठा और टीम भावना ही बोर्ड की सबसे बड़ी ताकत है। ब्यूरो

# छात्र से लेकर अध्यक्ष तक का स्वर्णिम सफर, डॉ. राजेश शर्मा के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा, अब नए लक्ष्य

**धर्मशाला, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के लिए आज का दिन दोहरी खुशी और ऐतिहासिक गौरव का रहा। एक ओर जहां शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं और उनके परिणामों का सफलतापूर्वक व समयबद्ध संचालन संपन्न हुआ, वहीं दूसरी ओर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने अपने पद पर एक सफल वर्ष भी पूरा कर लिया। इस शानदार दोहरी उपलब्धि के उपलक्ष्य में आज शिक्षा बोर्ड कार्यालय परिसर में एक सादे लेकिन बेहद गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक, पूरा बोर्ड परिवार जश्न के माहौल में नजर आया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा एक भावुक लेकिन प्रेरणादायक क्षण साझा करते हुए नजर आए। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि जिस संस्था से उन्होंने कभी एक विद्यार्थी के रूप में अपनी शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत की थी, आज उसी प्रतिष्ठित संस्था की सेवा करने और उसके सर्वोच्च पद (अध्यक्ष) का दायित्व निभाने का अवसर उन्हें मिला है। उन्होंने इस अहम जिम्मेदारी और अटूट विश्वास के लिए प्रदेश सरकार तथा पूरे शिक्षा बोर्ड परिवार के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया। वर्ष 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं और परिणामों के पारदर्शी एवं सफल संचालन का पूरा श्रेय अपनी टीम को देते हुए डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि यह किसी एक व्यक्ति की सफलता नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा बोर्ड परिवार के सामूहिक प्रयासों का शानदार नतीजा है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के कुशल संचालन, कॉपियों के मूल्यांकन, परिणाम निर्माण और विभिन्न प्रशासनिक व्यवस्थाओं में दिन-रात एक करने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पण व टीम भावना के कारण ही बोर्ड आज एक बेहद सकारात्मक और विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली स्थापित करने में कामयाब रहा है। अध्यक्ष ने परीक्षा और परिणाम घोषणा के दौरान कर्मचारियों द्वारा निभाई गई निष्ठा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यही अटूट टीम भावना शिक्षा बोर्ड की असली और सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने दृढ़ विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी इसी समर्पण और सहभागिता के साथ हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस खुशी के अवसर को और खास बनाते हुए, डॉ. राजेश शर्मा ने अपने स्तर पर समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक भव्य स्नेह मिलन एवं जलपान का भी आयोजन किया।



डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
पहली नज़र
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ
07 जुलाई, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com

# छात्र से लेकर अध्यक्ष तक का स्वर्णिम सफर





पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

## डॉ. राजेश शर्मा के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा, अब नए लक्ष्य

### शानदार बोर्ड परिणामों के साथ हिमाचल शिक्षा बोर्ड में जश्न

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के लिए आज का दिन दोहरी खुशी और ऐतिहासिक गौरव का रहा। एक ओर जहां शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं और उनके परिणामों का सफलतापूर्वक व समयबद्ध संचालन संपन्न हुआ, वहीं दूसरी ओर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने अपने पद पर एक सफल वर्ष भी पूरा कर लिया। इस शानदार दोहरी उपलब्धि के उपलक्ष्य में आज शिक्षा बोर्ड कार्यालय परिसर में एक सादे लेकिन बेहद गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक, पूरा बोर्ड परिवार जश्न के माहौल में नजर आया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा एक भावुक लेकिन प्रेरणादायक क्षण साझा करते हुए नजर आए। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि जिस संस्था से उन्होंने कभी एक विद्यार्थी के रूप में अपनी शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत की थी, आज उसी प्रतिष्ठित संस्था की सेवा करने और उसके सर्वोच्च पद (अध्यक्ष) का दायित्व निभाने का अवसर उन्हें मिला है। उन्होंने इस अहम जिम्मेदारी और अटूट विश्वास के लिए प्रदेश सरकार तथा पूरे शिक्षा बोर्ड परिवार के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया। वर्ष 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं और परिणामों के पारदर्शी एवं सफल संचालन का पूरा श्रेय अपनी टीम को देते हुए डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि यह किसी एक व्यक्ति की सफलता नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा बोर्ड परिवार के सामूहिक प्रयासों का शानदार नतीजा है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के कुशल संचालन, कॉपियों के मूल्यांकन, परिणाम निर्माण और विभिन्न प्रशासनिक व्यवस्थाओं में दिन-रात एक करने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पण व टीम भावना के कारण ही बोर्ड आज एक बेहद सकारात्मक और विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली स्थापित करने में कामयाब रहा है।

## अध्यक्ष ने की कर्मचारियों की प्रशंसा

अध्यक्ष ने परीक्षा और परिणाम घोषणा के दौरान कर्मचारियों द्वारा निभाई गई निष्ठा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यही अटूट टीम भावना शिक्षा बोर्ड की असली और सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने दृढ़ विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी इसी समर्पण और सहभागिता के साथ हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## 'स्नेह मिलन व जलपान' का भी हुआ आयोजन

इस खुशी के अवसर को और खास बनाते हुए, डॉ. राजेश शर्मा ने अपने स्तर पर समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक भव्य 'स्नेह मिलन एवं जलपान' का भी आयोजन किया। इस दौरान सभी कर्मचारियों और अधिकारियों ने एक-दूसरे को बधाई दी तथा शिक्षा बोर्ड की भावी योजनाओं और आगामी उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। यह आयोजन न केवल एक उत्सव था, बल्कि पूरे शिक्षा बोर्ड परिवार के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करने वाला एक शानदार कदम साबित हुआ।

# डॉ. राजेश शर्मा के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा, अब नए लक्ष्य

# शानदार बोर्ड परिणामों के साथ हिमाचल शिक्षा बोर्ड में जश्न

दैनिक जागो वर्ल्ड ! धर्मशाला/ राकेश कुमार


हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) धर्मशाला के लिए आज का दिन दोहरी खुशी और ऐतिहासिक गौरव का रहा। एक ओर जहां शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं और उनके परिणामों का सफलतापूर्वक व समयबद्ध संचालन संपन्न हुआ, वहीं दूसरी ओर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने अपने पद पर एक सफल वर्ष भी पूरा कर लिया। इस शानदार दोहरी उपलब्धि के उपलक्ष्य में आज शिक्षा बोर्ड कार्यालय परिसर में एक सादे लेकिन बेहद गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक, पूरा बोर्ड परिवार जश्न के माहौल में नजर आया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा एक भावुक लेकिन प्रेरणादायक क्षण साझा करते हुए नजर आए। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि जिस संस्था से उन्होंने कभी एक विद्यार्थी के रूप में अपनी शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत की थी, आज उसी प्रतिष्ठित संस्था की सेवा करने और उसके सर्वोच्च पद (अध्यक्ष) का दायित्व निभाने का अवसर उन्हें मिला है। उन्होंने इस अहम जिम्मेदारी और अटूट विश्वास के लिए प्रदेश सरकार तथा पूरे शिक्षा बोर्ड परिवार के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया। वर्ष 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं और परिणामों के पारदर्शी एवं सफल संचालन का पूरा श्रेय अपनी टीम को देते हुए डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि यह किसी एक व्यक्ति की सफलता नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा बोर्ड परिवार के सामूहिक प्रयासों का शानदार नतीजा है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के कुशल संचालन, कॉपियों के मूल्यांकन, परिणाम निर्माण और विभिन्न प्रशासनिक व्यवस्थाओं में दिन-रात एक करने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पण व टीम भावना के कारण ही बोर्ड आज एक बेहद सकारात्मक और विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली स्थापित करने में कामयाब रहा है।अध्यक्ष ने परीक्षा और परिणाम घोषणा के दौरान कर्मचारियों द्वारा निभाई गई निष्ठा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यही अटूट टीम भावना शिक्षा बोर्ड की असली और सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने दृढ़ विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी इसी समर्पण और सहभागिता के साथ हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड



सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस खुशी के अवसर को और खास बनाते हुए, डॉ. राजेश शर्मा ने अपने स्तर पर समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक भव्य 'स्नेह मिलन एवं जलपान' का भी आयोजन किया। इस दौरान सभी कर्मचारियों और अधिकारियों ने एक-दूसरे को बधाई दी तथा शिक्षा बोर्ड की भावी योजनाओं और आगामी उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। यह आयोजन न केवल एक उत्सव था, बल्कि पूरे शिक्षा बोर्ड परिवार के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करने वाला एक शानदार कदम साबित हुआ। वर्ष 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं के पारदर्शी, नकल विहीन और रिकॉर्ड समय में परिणाम घोषित करने का पूरा श्रेय डॉ. शर्मा ने अपनी टीम को दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यवस्था अकेले नहीं चलती। परीक्षा के कुशल संचालन, कॉपियों के निष्पक्ष मूल्यांकन, त्रुटिहीन परिणाम निर्माण और विभिन्न कठिन प्रशासनिक व्यवस्थाओं में दिन-रात एक करने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पण व टीम भावना के कारण ही बोर्ड आज एक बेहद सकारात्मक और विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली स्थापित करने में कामयाब रहा है।उन्होंने कर्मचारियों की निष्ठा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यही अटूट टीम भावना शिक्षा बोर्ड की असली और सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने दृढ़ विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी इसी समर्पण और सहभागिता के साथ हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड देश के अग्रणी शिक्षा बोर्ड्स में अपनी धाक बनाए रखेगा और सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएगा। यह मेरे लिए केवल एक प्रशासनिक पद नहीं, बल्कि एक अत्यंत भावुक और गौरव का विषय है। जिस हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से मैंने कभी एक साधारण विद्यार्थी के रूप में अपनी शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत की थी, आज ईश्वर की कृपा से उसी प्रतिष्ठित संस्था के सर्वोच्च पद (अध्यक्ष) पर बैठकर सेवा करने का अवसर मुझे मिला है। यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

# "डी.एल.एड. सीईटी-2026 की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी, 11 जुलाई तक दर्ज कर सकते हैं आपत्तियां"

दैनिक जागो वर्ल्ड ! धर्मशाला/ राकेश कुमार



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड द्वारा दिनांक 17 जून, 2026 को आयोजित Two Years Diploma in Elementary Education Common Entrance Test (D.El.Ed. CET)-2026 की अस्थायी उत्तर कुंजी (Provisional Answer Key) बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट [www.hpbose.org] पर अपलोड कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी Series-A, B, C एवं D के लिए जारी की गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी में दर्ज किसी उत्तर के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह अपनी आपत्ति प्रमाणित तथ्यों एवं दस्तावेजों सहित दिनांक 11 जुलाई, 2026 तक ई-मेल आईडी [hpbosesopapersetting.43@gmail.com] पर भेज सकता है। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां कार्य दिवसों में व्यक्तिगत रूप से भी बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि दिनांक 11 जुलाई, 2026 के उपरांत प्राप्त किसी भी मौखिक अथवा लिखित आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक के माध्यम से भेजी गई आपत्तियां भी 11 जुलाई, 2026 को सायं 5:00 बजे तक बोर्ड कार्यालय में पहुंच जाना सुनिश्चित करें। बिना प्रमाणित तथ्यों एवं साक्ष्यों के प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त सभी वैध आपत्तियों की समीक्षा संबंधित विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा की जाएगी। समिति की संस्तुतियों के आधार पर अंतिम उत्तर कुंजी (Final Answer Key) तैयार की जाएगी, जिसे परीक्षा परिणाम के साथ बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाया जाएगा। इस संबंध में अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से अलग से कोई सूचना प्रदान नहीं की जाएगी।बोर्ड अध्यक्ष ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे उत्तर कुंजी का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर निर्धारित समयावधि के भीतर ही अपनी आपत्तियां प्रस्तुत करें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242134 पर संपर्क कर सकते हैं। निर्धारित समय-सीमा (11 जुलाई, 2026) के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी मौखिक या लिखित आपत्ति पर बोर्ड द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बिना प्रमाणित तथ्यों और साक्ष्यों के भेजी गई आपत्तियों को सीधे तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। डॉ. शर्मा ने बताया कि निर्धारित समय के भीतर प्राप्त होने वाली सभी वैध आपत्तियों को संबंधित विषय विशेषज्ञों (Subject Experts) की एक समिति के समक्ष रखा जाएगा। यह समिति अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए साक्ष्यों और संदर्भों की गहन समीक्षा करेगी।

The Sunny Times

# DR. RAJESH SHARMA ACERS HIS FIRST YEAR AS HIMACHAL EDUCATION CHIEF

*The Sunny Times | Dharamshala*



Life has a funny and beautiful way of coming full circle. Today, the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) was wrapped in an atmosphere of pure triumph and nostalgia. It wasn't just a celebration of yet another successful academic year with flawlessly timed exam results; it was an emotional milestone for the man steering the ship. Dr. Rajesh Sharma officially completed his first golden year as the Board's President, marking a journey that sounds like something straight out of an inspiring biopic.

Standing before a packed room of board officials and staff, an emotional Dr. Sharma shared a deeply personal memory that struck a chord with everyone present. He reminisced about the days when he walked into this very institution as a young, wide-eyed student trying to clear his board exams. Today, he stands at the absolute pinnacle of that same institution, guiding the futures of hundreds of thousands of Himachali students. It is a rare, poetic transition from being judged by the system to becoming its custodian, and Dr. Sharma didn't hide his immense gratitude toward the state government and his team for trusting him with this massive responsibility.

But true leaders rarely beat their own drums. While the air was thick with applause for his one-year milestone, Dr. Sharma quickly redirected the spotlight toward his army of workers. He insisted that the transparent, smooth, and incredibly efficient execution of the 2025–26 board exams wasn't a solo victory. Instead, he called it a masterclass in collective effort, thanking the evaluators, administrative staff, and officers who worked around the clock to build an iron-clad, trustworthy examination system.

The celebrations wrapped up not with corporate stiffness, but with the warmth of a big family gathering. Dr. Sharma hosted a grand get-together with snacks and refreshments for the entire staff, turning the official headquarters into a hub of shared laughter, high-fives, and proud smiles. It was more than just a celebratory tea party; it felt like a powerful injection of fresh energy for a team that has already set its sights on conquering even bigger educational frontiers next year.